# आकाशवाणी शिमला

## 14.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

### मुख्य समाचार

- प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्योहार– हर आयु वर्ग के लोगों में दिखा उत्साह।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेशवासियों से नशे के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का किया आह्वान।
- किन्नौर के रकछम में हिम मूर्ति कला शिविर आयोजित– राजस्व मंत्री ने शिविर को रोज़गार की दृष्टि से बताया अहम।
- प्रदेश में मौसम ने ली करवट– अगले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर वर्षा व हिमपात की संभावना।

### होली

रंगों का त्यौहार होली आज देश सहित पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस त्योहार को लेकर प्रदेशभर में हर आयुवर्ग के लोगों में उत्साह देखा गया। इस त्यौहार को बसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा ये पर्व एकता और सद्भावना को भी बढ़ावा देता है। होली के अवसर पर शिमला स्थित राजभवन, मुख्यमंत्री के सरकारी आवास ओक ओवर और विपक्ष के नेता के आवास पर शुभकामनाएं देने वालों की काफी भीड़ लगी रही। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राजभवन जाकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को होली की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने लोगों को बधाई दी और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। वहीं, अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि ये पर्व सभी के जीवन में खुशहाली व समृद्धि लाएगा।

इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य नेताओं और गणमान्य लोगों ने भी राज्यपाल को होली की बधाई दी।

### बधाई

वहीं दूसरी ओर, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी राजभवन जाकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद उन्होंने अपने आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जन प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ होली का त्योहार मनाया। जयराम ठाकुर ने होली के इस पावन अवसर पर प्रदेशवासियों से नशे के खिलाफ एकजुटता से लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।

### होली उत्सव

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार पारंपरिक उत्सवों और त्योहारों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज किन्नौर ज़िले के सांगला में प्रसिद्ध होली उत्सव के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और ये पर्व आपस में प्रेम, प्यार और भाईचारे को कायम रखने का भी प्रतीक है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि ज़िले में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सांगला वैली को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सुविधाजनक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांगला में चल रहे सीवरेज प्रणाली के कार्य को जुलाई माह तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने जन समस्याएं भी सुनीं और मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

**जगत सिंह**

किन्नौर ज़िले के रकछम में हिम मूर्ति कला पर आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया है। समापन अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि ये प्रशिक्षण शिविर कला, रचनात्मकता और प्रवीणता का एक उत्तम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि किन्नौर ज़िले में बर्फ से मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण शिविर पहली बार आयोजित किया गया है जिसके लिए प्रशासन बधाई का पात्र है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि स्थानीय लोग इस कला से जुड़कर रोज़गार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पर्यटन की दृष्टि से भी ये कला काफी अहम है। किन्नौर के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने हिम मूर्ति कला शिविर के दौरान हुई गतिविधियों की जानकारी दी।

**बजट**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सोमवार 17 मार्च को विधानसभा में अगले वित्त वर्ष का बजट पेश करेंगे। उल्लेखनीय है कि विधानसभा का बजट सत्र इन दिनों शिमला में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा बजट सोमवार सुबह 11 बजे पेश किया जाएगा। इससे पहले ये बजट पूर्व निर्धारित समय के अनुसार 17 मार्च को दोपहर 2 बजे प्रस्तुत किया जाना था। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के अनुसार विधायकों के आग्रह के बाद विधानसभा की बिजनेस एडवाइज़री कमेटी ने बजट प्रस्तुत करने के समय में बदलाव किया है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत चम्बा जिला की सभी ग्राम पंचायतों में योजना को पूरा करने के लिए 19 हजार 81 पात्र परिवारों का सर्वेक्षण के माध्यम से चयन कर लिया गया है। इस योजना का शेष कार्य 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। लाभार्थी परिवार स्वयं भी मोबाइल ऐप आवास प्लस के माध्यम से सर्वेक्षण कर सकते हैं। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाद्दाता....

................

**हमला**

बिलासपुर सदर से कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर आज अज्ञात हमलावरों द्वारा गोलियों से किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय बंबर ठाकुर बिलासपुर स्थित अपने आवास पर मौजूद थे। इस घटना में उनका सुरक्षा कर्मी भी घायल बताया जा रहा है। बंबर ठाकुर को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए आई.जी.एम.सी. शिमला में भर्ती करवाया गया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख जताते हुए ज़िला पुलिस को आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए हैं।

**भूकंप**

चम्बा ज़िले में बीती रात करीब 2 बजकर 50 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकम्प की तीव्रता 5 दशमलव 2 आंकी गई। भूकम्प के ये झटके पांगी घाटी में भी महसूस किए गए। पंगवाल एकता मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने बताया कि इस भूकम्प से घाटी की कुमार पंचायत के कुछ घरों में दरारें आई हैं। उन्होंने प्रशासन से प्रभावितों को उचित मुआवज़ा देने की मांग की है। वहीं पांगी के आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी ने बताया कि मौसम अनुकूल होने पर क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों को मौके पर जाकर नुकसान का आकलन करने को कहा गया है।

**मौसम**

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश में मौसम ने एकबार फिर करवट ली है। इसके प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में दोपहर बाद से बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा भी हुई है। मौसम में आए इस बदलाव से दिन के तापमान में एकबार फिर कमी दर्ज की गई है। ऊपरी क्षेत्रों में भी

बादल छाए हुए हैं और इन क्षेत्रों में अभी भी सुबह–शाम ठंड का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात की संभावना जताई है।

**अग्निवीर भर्ती**

भारतीय सेना में इन दिनों अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2025–26 के लिए शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर के युवाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। यह पंजीकरण प्रक्रिया आगामी 10 अप्रैल तक जारी रहेगी। भर्ती कार्यालय शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुष्विंदर कौर ने बताया कि सभी योग्य उम्मीदवारों को भारतीय सेना की विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। अग्निवीर योजना में भाग लेने के लिए उम्मीदवार की पात्रता और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्योहार– हर आयु वर्ग के लोगों में दिखा उत्साह।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेशवासियों से नशे के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का किया आह्वान।
- किन्नौर के रकछम में हिम मूर्ति कला शिविर आयोजित– राजस्व मंत्री ने शिविर को रोज़गार की दृष्टि से बताया अहम।
- प्रदेश में मौसम ने ली करवट– अगले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर वर्षा व हिमपात की संभावना।